'बजट आमजन की बुनियादी मांग को पूरा करेगा'

टोंक। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने बताया कि राजस्थान बजट 2025-26 को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने घोषित किया, जिसमें सभी वर्गों का ध्यान रखतें हुए, बजट को आमजन की बुनियादी जरूरतों से लेकर आधुनिक विकास को समर्पित किया। यह बजट मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की राज्य के प्रति विकसित राजस्थान की संकल्पना को पूर्ण करने वाला बजट है।

यह बजट सही मायने में गरीब, युवा महिला और किसानों की खुशहाली का बजट है।

यह बजट आम आदमी के लिए लाभदायक बजट है, बजट में गरीब कल्याण, अन्नदाता का उत्थान, मातृशक्ति का सम्मान और नौजवानों की मुस्कान समाहित है। बजट में मातृशक्ति का दर्शन है, तो राम राज्य का विजन भी।

खुशहाल राजस्थान को समर्पित इस बजट के माध्यम से प्रदेश समृद्धि एवं उन्नति के नूतन कीर्तिमान स्थापित करेगा। यह सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी और जन-जन के सर्वांगीण कल्याण को समर्पित एक लोक हितैषी बजट है।

पावटा में मौसम बदलने से बीमारियों का प्रकोप बढ़ा

पाटवा। उपखंड पावटा क्षेत्र में मौसम परिवर्तन के चलते बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। बुधवार को उपजिला अस्पताल पावटा में 1000 से अधिक मरीजों ने इलाज के लिए पंजीकरण कराया। चिकित्सकों के मुताबिक तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव से बच्चों और बुजुर्गों में सर्दी, खांसी, बुखार और सांस की बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। मौसम में अचानक बदलाव से लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो रही है। इससे संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। जिला अस्पताल की ओपीडी में सुबह से दोपहर तक मरीजों की लंबी कतारें लगी रहीं। उप जिला अस्पताल पावटा सहित प्राइवेट अस्पतालों में सुबह से ही मरीजों की भीड़ पहुंचना शुरू हो गई। ओपीडी में सुबह से ही पंजीकरण कक्ष पर पर्चा बनवाने को लेकर लंबी लाइन लग गईं जो दोपहर तक रही हैं। इसके अलावा डाक्टरों के कक्ष के बाहर भी मरीजों की लंबी लाइन रही हैं। उप जिला अस्पताल पावटा चिकित्सक डॉ.अशोक जाट, डॉ.रवि बंसल, डॉ . खुशबू अठावाल, प्राइवेट हॉस्पिटल डॉ.रवि अंजली गुप्ता ने बताया कि इस समय मौसम परिवर्तन चल रहा है जिसकी वजह से अधिकतर लोग सर्दी बुखार खांसी जुकाम दर्द के अधिक संख्या में आ रहे हैं। इसलिए मरीज की अधिक भीड़ है। चिकित्सकों का कहना है उपचार के साथ-साथ मरीजों को सावधानी बरतने की जरूरत है। बदलते मौसम में लोगों की सेहत को खानपान बिगाड़ रहा है। उप जिला अस्पताल पावटा की ओपीडी 1000 मरीजों की रही है।

- **ओपीडी में एक दिन में 1000 मरीज, बच्चे-बुजुर्गों में सर्दी-खांसी और बुखार ज्यादा**

पावटा में 1000 से अधिक मरीजों ने इलाज के लिए पंजीकरण कराया।

बजट में राजगढ़ की उपेक्षा से लोग नाराज

राजगढ़। राज्य के बजट में राजगढ़ क्षेत्र को कामयाबी नहीं मिलनें पर लोगों में निराशा का आलम है। राजगढ़ वेलफेयर सोसाइटी एवं सर्व समाज हेल्प टीम एवं अन्य संगठनों ने राजगढ़ की उपेक्षा पर नाराजगी जताई है। विदित रहे कि राज्य सरकार की ओर से बजट में इस बार राजगढ़ को जिला अस्पताल के दर्जे के साथ, नगर परिषद, एडीएम एवं ए एसपी कार्यालय खुलनें सहित अन्य घोषणाओं की उम्मीद थी मगर बजट में राजगढ़ को निराशा हाथ लगी। राजगढ़ वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि लगता है जैसे राजगढ़ राजस्थान में नहीं है।

बजट में राजगढ़ क्षेत्र की उपेक्षा होने के कारण राजगढ़ के आर्थिक विकास को नुकसान होगा।

सर्व समाज हेल्प टीम के संयोजक प्रकाश भाबला ने बताया कि राज्य बजट में राजगढ़ क्षेत्र को निराशा हाथ लगी है, एवं उप जिला अस्पताल की प्रमुख मांगे लंबित थी। मगर इस बार भी निराशा हाथ लगी। लायंस क्लब के प्रांतीय सलाहकार खेम सिंह आर्य, गैर अनुदानित निजी शिक्षण संस्थान संघ के अध्यक्ष मदनलाल शर्मा, व्यापार संघ के मोनू बृजवासी एवं अन्य लोगों ने राजगढ़ क्षेत्र के लिए बजट को दिशाहीन बताया है।

राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ बजट से असन्तुष्ट

टोंक। राज्य सरकार द्वारा घोषित बजट वर्ष 2025-26 में प्रदेश के सात लाख से अधिक अधीनस्थ सेवाओं के कर्मचारियों की एक भी मांग पर घोषणा नहीं होने से उनमें जबरदस्त निराशा और आक्रोश व्याप्त हुआ है। सरकार के द्वारा दो-तीन सेवाओं के पुनर्गठन के लिए तो घोषणा की गई है उसका कर्मचारी संयुक्त महासंघ स्वागत करता है लेकिन अधीनस्थ सेवाओं के कर्मचारी जिनके पदोन्नति के अत्यंत न्यून अवसर है और प्रथम पदोन्नति ही 15 से 20 वर्षों में हो रही है उनके कैडर पुनर्गठन को बजट घोषणा में सम्मिलित नहीं करने से इन कर्मचारियों में भारी निराशा एवं आक्रोश है।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष जसवंत सिंह नरूका ने बताया कि महासंघ लंबे समय से वेतन विसंगति एवं पदोन्नति अवसरों में विसंगति दूर करने की मांग कर रहा है लेकिन पहले खेम राज समिति ने निराश किया और आज के बजट में महासंघ से संबद्ध अधीनस्थ सेवाओं यथा तृतीय श्रेणी शिक्षक, कृषि पर्यवेक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, सहायक एवं अतिरिक्त विकास अधिकारी, पटवारी, कानूनगो, पशु चिकित्सा कर्मचारी, एएनएम, नर्सेज, आयुष नर्सेज, आयुर्वेद परिचारक, सहायक कर्मचारी, वन अधीनस्थ एवं वन श्रमिक चीमक के तकनीकी कर्मचारी , राजस्थान अधीनस्थ एवं कंप्यूटर कर्मचारी, सांख्यिकी संवर्ग, शारीरिक शिक्षक संवर्ग आदि के कैडर पुनर्गठन को सम्मिलित नहीं करना निराशाजनक है। इन सभी संवर्गों के अधिकतम 15 से 20 प्रतिशत पदोन्नति पद है जो कि अन्य कुछ संवर्ग जिनके लगभग 60 प्रतिशत पदोन्नति पद है से अत्यंत न्यून है। बजट से आमजन निराश : टोंक में रेल लाओ संघर्ष समिति, अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अकबर खान ने घोषित हुए बजट को लेकर बताया की राजस्थान सरकार का जो बजट आया हैं। यह बजट वास्तविकता से परे आमजन के हितो के विपरीत बजट रहा हैं, इस बजट से टोंक की रेल के लिए लोगों को बहुत उम्मीदें थी परंतु राजस्थान सरकार द्वारा आधी राशि व भूमि अवाप्ति की घोषणा करनी थी, जो नही हो पाई, जिससे टोंक के लोगों में निराशा हैं।

टीम बैंगलूरू के लिये रवाना

मालपुरा (निस) विप्रो फाउण्डेशन द्वारा आयोजित अर्थियन अवार्ड 2०24 मे कचरा प्रबंधन विषय पर नेशनल विजेता रही स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कुल मालपुरा की टीम बैंगलूरू के लिये रवाना हुई। टीम का 21 व 22 फरवरी को आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मान समारोह मे होगा सम्मान।

प्रधानाचार्य हंसराज जाट ने बताया कि विद्यालय की टीम को विप्रो फाउण्डेशन द्वारा नि:शुल्क हवाई यात्रा एवं दो दिन के नि:शुल्क ठहराव की व्यवस्थाऐं दी गई है। साथ ही विद्यालय मे 5० हजार रूपये की राशि विजेता राशि के रूप मे प्रदान की जायेगी।

शिक्षक अरविन्द त्रिपाठी ने बताया कि विद्यालय के छात्र दिव्यांशी नामा,वैदिका,छवि नामा,अन्तिमा व्यास व छवि खटीक की सामुहिक सफलता पर अभिभावको व शिक्षाविदो ने हर्ष जताया।

प्रतियोगिता में कोटपूतली टीम का उत्कृष्ट प्रदर्शन

कोटपूतली। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय जयपुर के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली जिला जंबूरी में स्थानीय संघ कोटपूतली ने शानदार प्रदर्शन करते हुये विभिन्न प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जंबूरी में कोटपूतली के 88 स्काउट व 12 स्काउट मास्टर ने भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सचिव रामबीर यादव व एडीसी प्रशिक्षण हंसराज यादव ने बताया कि 13 से 18 फरवरी तक आयोजित किये गये आयोजन में गैलेक्सी इंटरनेशनल स्कूल गोवर्धनपुरा, राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली, दीपक पब्लिक स्कूल कोटपूतली, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खड़ब, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरुण्ड, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुरा खुर्द, गुरु शिखर उच्च माध्यमिक विद्यालय दादूका, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बनेठी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुहाड़ा ने सहभागिता की। वहीं गैलेक्सी इंटरनेशनल स्कूल गोवर्धनपुरा के 23 बालकों ने विभिन्न प्रतियोगिता में सहभागिता कर शानदार प्रदर्शन किया। इन स्काउट बालकों ने झांकी प्रदर्शन, फैशन शो, फूड प्लाजा, रंगोली, स्किलोरामा, ऐस्टीमेशन, प्राथमिक सहायता, पेट्रोल पायनियरिंग, पेट्रोल इन काउंसिल, कैंप क्राफ्ट सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता की। जिसमें ऐस्टीमेशन और पेट्रोल इन कौंसिल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

नुक्कड सभा हुई

निवाई। गांधी पार्क में सर्व समाज के तत्वावधान में समरावता गांव को न्याय दिलाने एवं नरेश मीणा की रिहाई को लेकर जयपुर में आयोजित विधानसभा घेराव की तैयारी को लेकर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल मीणा ने बताया कि सर्व समाज के तत्वावधान में 25 फरवरी को जयपुर में विधानसभा घेराव का आयोजन किया जा रहा है जिसको लेकर गांधी पार्क में बैठक आयोजित हुई बैठक में नरेश मीणा के पिता कल्याणमल मीणा एवं उनके पुत्र अनिरुद्ध मीणा के सानिध्य में लोगों को पीले चावल वितरित करके विधानसभा घेराव कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने बताया कि नुक्कड़ सभा में गायकों द्वारा कई भजनों की प्रस्तुतियां दी। नुक्कड़ सभा में कानाराम मीणा, हरी मीणा, राजू गुर्जर, राजेंद्र बैरवा, मुकेश सुनारा, पंचायत समिति सदस्य हनुमान मीणा, कजोड़ चांदा, कृष्ण कुमार, रामखिलाड़ी मीणा, कैलाश मीणा, बुद्धिप्रकाश गौतम, नमोनारायण मीणा, मांगीलाल पलेई, विक्रम छामोला सहित कई लोग मौजूद थे।

बजट घोषणा में मालपुरा क्षेत्र को मिली अनेक सौगाते

मालपुरा (निस) बुधवार को वित्त मंत्री व डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने विधानसभा मे बजट 2025-26 पढते हुये मालपुरा विधानसभा क्षैत्र मे पानी व सडक सहित चिकित्सा के क्षैत्र मे दी सौगातो पर क्षैत्रवासियो ने मुख्यमंत्री वित्त मंत्री व केबिनेट मंत्री का जताया आभार। बुधवार को रखे गये बजट घोषणा मे जलदाय मंत्री व क्षैत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी के अथक प्रयासो से मालपुरा व टोडारायसिंह शहर मे स्मार्ट वाटर मिटर के लिये 7 करोड 55 लाख रूपये देवल से नगर वाया लाम्बाहरिसिंह,मोरला, थडी एमडीआर सडक निर्माण के लिये 58 करोड 5० लाख रूपये, दूदू छाण स्टेट हाईवे पर गुर्जर की थडी से रिण्डलिया रामपुरा,पन्द्राहेडा होते हुये बावडी तक 20 किलोमिटर सडक निर्माण के लिये 47 करोड 50 लाख, टोडारायसिंह सडक मार्ग से जयपुर रोड बायपास सडक निर्माण 50 लाख, सिंधोलिया माताजी व टोडारायसिंह के भूतेश्वर महादेव मंदिर धार्मिक स्थल के जीर्णोद्वार एवं विकास कार्यो सहित डिग्गी व लाम्बाहरिसिंह शहरी पेयजल योजना के संवर्धन तथा सुदृढिकरण का कार्य एवं पाईप व टैंक स्कीम जाजमो की ढाणी को पाईप स्कीम बदलने के लिये घोषणा की गई। वही लाम्बाहरिसिंह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र क्रमोन्नत किये जाने की घोषणा से क्षैत्र के विकास को गति मिलने की भाजपाईयो ने दी जानकारी।

बजट घोषणा के बाद भाजपाईयो ने बजट को सभी वर्गो के लिये आशावादी बताया। लेकिन कांग्रेस संगठन की और से किसी प्रकार की कोई प्रतिक्रिया खुलकर नही की गई। जो कि क्षैत्र मे कांग्रेस संगठन की निष्क्रियता को दर्शाता है। तो शिक्षक नेता जतन लाल जाट सहित अन्य ने बजट को शिक्षक समाज के लिये निराशाजनक बताया।

शोभायात्रा निकाली

राजगढ़। उपखंड क्षेत्र के टहला कस्बे में देवनारायण भगवान के मेले एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर गुर्जर समाज के महिला पुरुषों ने भव्य कलश एवं शोभायात्रा निकाली। इस दौरान आसपास के हजारों की संख्या में महिला पुरुष इस कार्यक्रम की प्रमुख आकर्षण रहे। प्रतिभा सम्मान समारोह 20 फरवरी को मोती महल मंदिर पर आयोजित होगा। इस आयोजन को लेकर समाज के महिला पुरुषों में उत्साह का आलम है।

देवनारायण जन कल्याण संस्थान के अध्यक्ष रामसहाय गुर्जर ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम का आगाज 19 फरवरी बुधवार को कलश यात्रा के साथ श्रद्धा एवं भक्ति के माहौल मेंहुआ। 20 फरवरी को 12 बजे महा आरती एवं हवन के साथ प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा। देवनारायण जन कल्याण संस्थान एवं गुर्जर समाज टहला की ओर से मिली जानकारी अनुसार अमरानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विराट नगर के पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर होंगे।

भगवान सुपाश्र्वनाथ के चढ़ाया निर्वाण लाडू

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में बिचला जैन मंदिर में आयोजित दो दिवसीय भगवान सुपाश्र्वनाथ के मोक्ष कल्याणक महोत्सव को लेकर कई धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें सुपाश्र्वनाथ मण्डल विधान की रचना की। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला एवं राकेश संघी ने बताया कि जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर भगवान सुपाश्र्वनाथजी के मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर श्रीजी की शांतिधारा करने का सौभाग्य गप्पू लाल, राकेश कुमार व अंशुल कुमार जैन जगतपुरा एवं मुनिसुब्रतनाथ नाथ भगवान की शांतिधारा हुकमचन्द ईसरदा वाले एवं पारसनाथ भगवान की शांति धारा महेंद्र कुमार, नरेंद कुमार संघी एवं भगवान सुपाश्र्वनाथजी के निर्वाण लड्डू चढ़ाने का सौभाग्य महावीर प्रसाद, शिखरचंद, सुरेश कुमार, अशोक कुमार माधोराजपूरा वाले एवं भगवान की चारों वेदियों में भामंडल लगाने का सौभाग्य पुनीत कुमार, प्रतीक कुमार, खुशबू संघी को प्राप्त हुआ। विमल जौंला एवं राकेश संघी ने बताया कि मोक्ष कल्याणक महोत्सव में विधान के तहत श्रद्धालुओं ने प्रथम बार श्रीजी की वेदी पर 64 चंवर भक्ति नृत्य के साथ चढ़ाए। पण्डित सुरेशकुमार शास्त्री के मंत्रोच्चार द्वारा विधान में पांच मंगल कलश की स्थापना कर मंडप पर श्रीफल अघ्र्य समर्पित किए। विष्णु बोहरा एवं त्रिलोक रजवास ने बताया कि श्रद्धालुओं ने सुपाश्र्वनाथ मण्डल विधान के समवशरण में 120 श्रीफल चढाकर पूजा अर्चना की। महोत्सव का शुभारंभ गायक विमल जौंला, जितेश गिन्दोडी, विमल सोगानी, गायिका पिंकी कठमाणा, सुनीता बड़ागांव, संजू जौंला, संगीता संघी ने संगीतमय णमोकार महामंत्र एवं संगीतमय भक्तामर स्तोत्र पाठ में भजनों की प्रस्तुतियां दी।

उपाध्याय विकसंत सागर, मुनि समत्व सागर महाराज निवाई पहुंचे

निवाई। राष्ट्रीय संत समाधि सम्राट गणाचार्य विरागसागर महाराज के शिष्य उपाध्याय विकसंतसागर महाराज, मुनि समत्वसागर महाराज, मुनि साक्ष्यसागर महाराज, भारत गौरव गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ का बुधवार को नेशनल हाईवे स्थित अर्हम इंडस्ट्रीज पहुंचे। जहां उधोगपति सुशील नीरा जैन, विज्ञातीर्थ अध्यक्ष सुनिल भाणजा, विष्णु ममता बोहरा समाजसेवी हितेश छाबडा, महेन्द्र चंवरिया, रामपाल चंवरिया, विमल जौंला, अशोक रजवास, दिनेश गिन्दोडी व धर्मचंद जैन सहित कई गणमान्य लोगों ने पाद्प्रक्षालन एवं आरती उतारकर अगुवानी की। श्री दिगम्बर जैन अठावाल समाज अध्यक्ष विष्णु बोहरा एवं हितेश छाबडा ने बताया कि सभी चतुर्विध जैन मुनियों सहित जैन संतों का 20 फरवरी को निवाई में गाजे बाजे से मंगल प्रवेश होगा। इस दौरान उन्होंने बताया कि बुधवार को उपाध्याय विकसंत सागर महाराज संध एवं मुनि समत्व सागर महाराज सहित अनेक जैन मुनियों का विज्ञातीर्थ में मंगल प्रवेश हुआ। विज्ञातीर्थ पर गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी संघ से सभी जैन संतों का मिलन हुआ।

पीएम श्री राजकीय विद्यालय के दल ने किया भ्रमण

निवाई। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई ने अन्य विद्यालयों के साथ साझेदारी गतिविधि में भ्रमण किया। प्राचार्य देवेंद्रपाल सिंह ने बताया किए पीएम श्री विद्यालयों को अन्य विद्यालयों के साथ साझेदारी गतिविधि के लिए जिले के अन्य प्रतिष्ठित विद्यालयों में न्यूनतम 20 सदस्यीय दल के साथ भ्रमण किया। जिससे उन विद्यालयों में संचालित नवाचारों को देखने का अवसर मिले। इसी क्रम में प्राचार्य, उपाचार्य, पीएम श्री विद्यालय प्रभारी सहित कुल दस अन्य प्रभारी व 17 विद्यार्थियों के दल के साथ पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोंक, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय छान, पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दूनी का भ्रमण किया व उन विद्यालयों में संचालित नवाचारों एवं अन्य उपयोगी गतिविधियों की जानकारी लेते हुए वहां पर संचालित गतिविधियों से रूबरू हुए इसमें वहां के कक्षा-कक्ष, प्रयोगशालाएं, प्रार्थना स्थल, किचिन गार्डन, पौध शाला आदि का अवलोकन किया।

जिले को स्वच्छता में अग्रणी बनाने के लिए अधिकारी कार्य योजना बनाकर कार्य करें : सरोज बंसल

टोंक। जिला प्रमुख सरोज बंसल की अध्यक्षता में बुधवार को जिला परिषद सभागार में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला प्रमुख ने कहा कि टोंक जिले को स्वच्छता में अग्रणी बनाने के लिए अधिकारी कार्य योजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने गांवों में सड़क व नाली निर्माण, कचरा प्रबंधन, साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया। साथ ही, कहा कि पोर्टल पर इसकी जियो टैकिंग की जाएं।

जिला प्रमुख बंसल ने ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था के लिए मोटराइज्ड वाहन खरीदने के प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए। मॉडल पंचायतों में बर्तन बैंक की स्थापना ग्राम पंचायत की निजी आय से की जाएं। पिंक टॉयलेट की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखें, जो भी कमियां हो उन्हें समय-समय पर ठीक किया जाएं। जिला प्रमुख ने विकास अधिकारियों को कहा कि ग्राम पंचायतों में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने को लेकर अभियान चलाएं। लोगों की जीवनशैली में बदलाव लाने के प्रयास किए जाएं। इसकी शुरुआत बच्चों से करें, ताकि वे अपने आसपास के परिसर को स्वच्छ रखने के लिए अन्य लोगों भी जागरूक करेंगे।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका ने विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज के कार्यों में गति लाएं।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में एक ग्राम पंचायत को मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में विकसित किया जाए। जिसमें नाली, साफ-सफाई, सड़कें, कचरा संग्रहण वाहन, प्लास्टिक रहित, बर्तन बैंक, पेयजल सुविधा, शौचालय निर्माण, स्वच्छ जलाशय एवं पार्क समेत अन्य सुविधाओं को विकसित किया जाएं।

- **गांवों में सड़क व नाली निर्माण, कचरा प्रबंधन, साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया साथ ही, कहा कि पोर्टल पर इसकी जियो टैकिंग की जाएं**

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

सार-समाचार

कृषि की जानकारियां दी

निवाई। कृषि विज्ञान केन्द्र वनस्थली में एक दिवसीय जन जातिय उप योजना के अन्तर्गत आयोजित पोषक वाटिका प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें 40 कृषक एवं कृषक महिलाओं लाभान्वित हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषक एवं कृषक महिलाओं को अपने घर पर स्वस्थ, ताजी एवं पौष्टिक सब्जी का उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. उदल सिंह विभागाध्यक्ष उद्यान विज्ञान विभाग, राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुरा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. बंशीधर मुख्य वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र वनस्थली ने कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। डॉ. वाईके शर्मा सहायक आचार्य उद्यान विज्ञान ने पोषक वाटिका में उगाने वाली सब्जीयो के महत्व की जानकारी दी। डॉ. एसके बैरवा परियोजना प्रभारी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना दुर्गापुराए ने परियोजना की गतिविधी एवं परियोजना से विकसित सब्जीयों की उन्नत किस्मों के बारे मे विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए, देशी बीजों के संठाहण पर जोर दिया। मुख्य अतिथि डॉ उदल सिंह ने गुणवत्तपूर्ण सब्जीयो के उत्पादन पर जानकारी देते हुए, पोषक वाटिका के मध्यम से सब्जी उत्पादन पर जोर दिया । डॉ आरके बागडी ने जैविक विधियों द्वारा सब्जियो मे लगने वाली विभिन्न रोगों के रोकथाम के उपाय एवं दवाऔ का छिडक़ाव करते समय ध्यान देने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी। विशिष्ट अतिथि डॉ. बंशीधर ने परंपरागत खेती की तुलना में सब्जियों की खेती को अपनाने पर विशेष जोर दिया। डॉ. नरेश कुमार अठावाल ने पोषक वाटिका मे सब्जीयों की कीट नियंत्रण की समन्वित विधियो के बारे मे बताया। इस अवसर पर डॉ. एसके बैरवा सहायक आचार्य ने सभी कृषक एवं कृषक महिलाओं, अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना वाराणसी, कृषि विज्ञान केन्द्र वनस्थली के समस्त कर्मचारीयों, विश्वविद्यालय प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

सूचना पट्ट लगवाने की मांग

सांभरझील, (निसं)। समाजसेवी कैलाश चंद नागला, निवासी छोटा बाजार सूर्य देव मंदिर के पास सांभर ने नगरपालिका परिसर में आमजन की जानकारी हेतु राज्य सरकार के द्वारा जारी आदेशों की पालना हेतु सूचना पह व नोटिस बोर्ड लगवागे जाने का अनुरोध किया है। इसके तहत उनकी ओर से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, लोक सेवा गारन्टी अधिनियम 2011, जन सुनवाई का अधिकार अधिनियम 2012 की जानकारी नोटिस बोर्ड पर लिखवाने हेतु मुद्दा उठाया गया है। नागला ने बताया कि कार्यलय कार्य प्रभार वितरण व सम्पादन कार्यवादी मय कमरा जनक सूचना/जानकारी नोटिस बोर्ड का अभाव है। बताए गया कि न. पा. म. सांभरलेक के कार्यलय परिसर में बने हुये किसी भी कमरे पर किसी भी प्रकार का क्रमांक व शाखा का उल्लेख नहीं किया गया है, जो की जरूरी है, उन्होंने अधिशाषी अधिकारी से अपेक्षा की है कि उपरोक्त सभी सूचना पट्ट व नोटिस बोर्ड आम जन की सूविधा व जानकारी के लिये अतिशीघ्र लगवाया जाए।

सांसद कोष से 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत

पावटा। जयपुर ठाामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में विधायक कोष से विभिन्न विकास कार्यो हेतु 10 लाख रूपये की राशि जारी की है। इसमें विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के ठाम लुणाजी पंचायत कैरोड़ी में सार्वजनिक सामुदायिक भवन मय चारदीवारी निर्माण हेतु 10 लाख रूपयों की राशि जारी की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पर विधायक कुलदीप धनकड समेत भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह कैरोड़ी, सरपंच कैरोड़ी उदयवीर सिंह,उप सरपंच गुलाब कंवर, बूथ अध्यक्ष राजेश पारीक, महेश सिंह, प्रदीप सिंह, इकाई अध्यक्ष रामसिंह, नरेन्द्र सिंह कैरोड़ी, संतोष सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं व ठाामीणों ने सांसद राव राजेंद्र सिंह का आभार जताया।

फ्लोरोसिस जांच शिविर का आयोजन

टोंक। राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत उनियारा उपखंड के ग्राम खेलनिया, ढिकोलिया व अन्य ग्रामों के ग्रामीणों व स्कूल के बच्चों के दांत व अस्थि फ्लोरोसिस की जांच कर इस बीमारी से प्रभावित रोगियों को बचाव की जानकारी के साथ दवा उपलब्ध भी कराई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि जिला फ्लोरोसिस सलाहकार डॉ. पूनम गर्ग ने ग्रामीणों को तंबाकू, गुटखा, आदि खाने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया एवं भविष्य में तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई।

जनसुनवाई गुरूवार को

कोटपूतली। आमजन के परिवादों एवं समस्याओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत गुरूवार 20 फरवरी को प्रात: 11 बजे से जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन पंचायत समिति कोटपूतली के सभागार में किया जायेगा।

निशुल्क मोतियाबिंद जांच की

सांभर झील, (निसं)। यहां झूलेलाल मंदिर में निशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। आयोजक नरेश आहूजा ने बताया कि यह कैंप हर माह के तीसरे बुधवार को लगाया जाता है। इसमें शंकरा हॉस्पिटल के 10 स्टाफ ने भाग लिया। 149 लोगों की निशुल्क जांच कर दवाइयां वितरण की गई। 42 लोगों को चश्मा वितरण किया गया। कई पेशेंट को दवाइयां निशुल्क वितरण की गई। 72 जनों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए बस द्वारा जयपुर अस्पताल ले जाया गया। यह कैंप सिंधी मोहल्ला झूलेलाल मंदिर में लगाया जाता है। शिविर में अनेक लोगों ने अपनी सेवाएं दी।

कार्यकारणी को दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ

निवाई। न्यायालय परिसर में बार एसोशिसन की नव निर्वाचित कार्यकारणी का शपथ ठाहण समारोह का आयोजित हुआ। समारोह में निर्वाचित अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर बार एसोशियसन के सदस्यों ने नव निर्वाचित अध्यक्ष महेश शर्मा, उपाध्यक्ष किशनलाल सैनी, महासचिव सत्यनारायण डोई व कोषाध्यक्ष सरोज अठावाल का माला पहनाकर स्वागत किया।

श्याम मन्दिर के ग्यारहवें पाटोत्सव पर निकाली भव्य निशान यात्रा

निवाई। श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में श्याम मन्दिर के ग्यारहवें पाटोत्सव पर भव्य निशान यात्रा निकाली गई। पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, राजू खंडेलवाल व रवि अठावाल ने निशान यात्रा का विधिवत पूजन कर रवाना किया।

निशान यात्रा कंकाली माता मंदिर से रवाना होते हुए गणगौरी बाजार, चोहट्टी बाजार, सब्जी मंडी, बिलाला मार्केट, बडा बाजार, अहिंसा सर्किल, झिलाय रोड होते हुए श्याम मन्दिर पहुची। श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष रवि अठावाल ने बताया कि निशान यात्रा में करीब 1100 भक्तों ने निशान लेकर बेंड बाजे की धुन पर नाचते गाते चल रहे थे।

उपाध्यक्ष राजू खंडेलवाल ने बताया निशान यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर एवं आरती कर भक्तों ने स्वागत किया। निशान यात्रा का जुलूस करीब एक किलोमीटर लंबा रहा। इस दौरान शहर के कई सामाजिक संस्थाओं ने निशान यात्रा का स्वागत किया। श्याम नाम के जयकारों से निवाई शहर गुंजायमान हो गया। श्याम मन्दिर पहुचने पर रथ में विराजमान बाबा श्याम की महाआरती कर भक्तों को प्रसादी का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि गुरूवार को सुबह 9 बजे मनीष शर्मा कलकत्ता द्वारा 131 आसनों पर संगीतमय अखण्ड ज्योत पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विनोद शर्मा, पुरषोत्तम शर्मा, सर्वेश द्विवेदी, रामचरण विजय, सत्येंद्र पारीक, रामकल्याण मुंसी, नरोत्तम अठावाल, राकेश गुरुजी, मुरारी अठावाल, राकेश बोहरा, जीतू विजय, रवि पारीक, अमित धामाणी, राकेश सोनी, जगदीश शर्मा, महेश दरगड, सौरभ जैन, हीरू सिंधी, मनीष साहू, मनीष जिंदल, श्री राधा महिला मंडल अध्यक्ष सरोज अठावाल व शिप्रा जैन सहित हजारों श्याम भक्त मौजूद थे।

- **श्याम नाम के जयकारों से गूंज उठा निवाई शहर, अखण्ड ज्योत पाठ आज**